दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### व्ही.टी.पी.पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक, रायगढ़ में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत व्ही.टी.पी.पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक साल्यूशन पावर)का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षणार्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक सूचियों एवं दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति, दो पासपोर्ट फोटो के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। अन्य जानकारी के संबंध में अनुरेखक भागवत वर्मा मोबा.नं.9753699579 से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 24 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा ग्राम पंचायत छुहीपाली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 10 से 24 अगस्त 2021 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### आने वाले समय में प्रदेश के तापमान परिवर्तन होने की संभावना नहीं

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब उमस तथा तापमान बढ़ने के साथ बरसात में विराम लगा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और उसके आसपास स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवातीघेरा 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, निम्न दाब के केन्द्र डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश के ऊपर 2.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। कल दिनांक 8 अगस्त को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### जेल में बंद पुत्र के विवाह के लिये पिता ने नाबालिक का किया अपहरण

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के बस्तर थाना अंतर्गत ग्राम बनियागांव निवासी आरोपी डमरूधर मानिकपुरी ने जेल में बंद अपने पुत्र निर्मल मानिकपुरी के विवाह के लिए एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था। पुलिस ने ओडिशा से अपहृरित नाबालिक लड़की को बरामद करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बस्तर में दर्ज अपराध क्रमांक 40/21 धारा 363 भादवि के पीड़िता तथा अज्ञात आरोपी के पतासाजी के दौरान अपहृत नाबालिक बालिका के ग्राम आंवरी थाना कोसागुमड़ा ओडिशा से बरामद किया गया। आरोपी डमरूधर मानिकपुरी निवासी बनियागांव अपने पुत्र निर्मल मानिकपुरी से विवाह कराने के लिए अपहरण करना बताया, आरोपी डमरूधर मानिकपुरी का बेटा निर्मल मानिकपुरी के विरुद्ध धारा 363, 366, 376 भादवि और 06 पाक्सो एक्ट में पूर्व से ही जेल में निरूद्ध है। आरोपी डमरूधर मानिकपुरी के विरुद्ध धारा 363, 366 भादवि के तहत् के गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### बैंक मैनेजर से परेशान होकर ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**महासमुंद (आरएनएस)।** पिथौरा के ग्राम डुमरपाली में एक ग्रामीण अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या करने की वजह उसने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मैनेजर को बताया है। मृतक के कमरे से एक पत्र मिला है, उसमें मैनेजर के कारण ही वह आत्महत्या कर रहा है। इधर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी केशव कोसले ने बताया कि डुमरपाली निवासी आल्हा राम बरिहा ने आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना मिलते ही गांव पहुंचे थे। उनके पास से एक पत्र मिला है। इसके संबंध में पूछताछ जारी है। पत्र के संबंध में जांच के बाद ही कुछ कहने की उन्होंने बात कहीं है।

# डंडे से सिर में चोट पहुंचाकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**» काम से घर देर लौटने की बात पर नाराज होकर पति किया था डंडे से मारपीट**

**» मर्ग जांच पर अपराध दर्ज, लैलूंगा के ग्राम भेड़ीमुड़ा (अ) की घटना**

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस मामूली बात पर अपनी पत्नी से झगड़ा मारपीट कर डंडे से सिर में चोट पहुंचाकर हत्या करने वाले आरोपी चक्रधर भगत 51 वर्ष को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 03/08/2021 को शशि कुमार भगत पिता चक्रधर भगत उम्र 26 साल निवासी भेडीमुडा (अ) द्वारा थाना लैलूंगा में इसकी मां सोनमती भगत उम्र 50 वर्ष (मृतिका) दिनांक 02/08/21 के रात्रि पेशाब करने निकली थी, आंगन में पैर फिसल जाने से पीठ के बल गिरी जिससे सिर में पीछे चोंट लगा, जिसे ईलाज के लिए सुबह 04:00 बजे लगभग लैलूंगा अस्पताल लाकर भर्ती किये। डॉक्टर द्वारा बाहर ईलाज के लिए ले जाने के लिए कहने पर रायगढ ले जाने की व्यवस्था कर रहे थे कि सुबह करीब 05:30 बजे फौत हो गई। सूचना पर मर्ग क्रमांक 89/2021 धारा 174 सीआरपीसी दर्ज कर जांच, पंचनामा कार्यवाही में लिया गया, मृतिका के शव का पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया, जिसमें मृत्यु का कारण हत्यात्मक एवं मृतिका का मौत सख्त एवं भोथले औजार से



आई चोंट के कारण होना लेख किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेन्द्र नारायण साय द्वारा प्रथम दृष्ट्या मृतिका के पति एवं घरवालों पर संदेह व्यक्त कर पूछताछ प्रारंभ किये जाने पर मृतिका का पति चक्रधर भगत पिता सुकु भगत बताया कि घटना दिनांक 02/08/21 की रात्रि लगभग 23/30 बजे तक उसकी पत्नी सोनमती भगत महिला समूह के कार्य से बाहर थी। घर लौटने पर दोनों में विवाद हुआ और घर में रखे डंडे से सिर के पीछे मारकर भागा और घटना को छिपाने के आश्य से उसके बेटे शशि कुमार भगत को फिसलकर गिरने से चोंट लगने की झूठी बात बताया था , जिसके आधार पर मर्ग दर्ज कराया गया, जांच पर आरोपी चक्रधर भगत पर अप.क्र. 228/2021 धारा 302,201 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# देर रात 22 टन कबाड़ लोड ट्रक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर नगर कोतवाल मनीष नागर कोतवाली क्षेत्र से अवैध कबाड़ के परिवहन पर पूर्णत अंकुश लगाने मुखबिरों का जाल बिछाकर विवेचकों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कल दिनांक 06/08/2021 के शाम 6 चक्का ट्रक में अवैध कबाड़ लोड़ होकर पूंजीपथरा की ओर जाने निकली वाहन को ढिमरापुर के आगे पकड़ा गया, जिसमें करीब 7 टन कबाड़ लोड़ था। आरोपी पर धारा 41(1+4) सीआरपीसी/ 379 आईपीसी की कार्रवाई की गई।

वहीं देर रात पुनः थाना प्रभारी कोतवाली को ओड़िशा से 14 चक्का ट्रक में लोड होकर अवैध कबाड़ के पूंजीपथरा ओर जाने की सूचना मिली, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ को कार्यवाही करने रायगढ़-पूंजीपथरा रोड रवाना किया गया। कोतवाली स्टाफ द्वारा रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग ढिमरापुर के आगे नाकेबंदी कर मुखबिर द्वारा बताये गये 14 चक्का वाहन का इंतजार किये। इसी दरम्यान ट्रक क्रमांक एमपी एसबी 8442 पर अवैध कबाड़ होने के संदेह पर रोका गया। वाहन को जांच करने पर वाहन में पुराने लोहे का एंगल, लोहे के पार्टस, स्क्रैप मिला। वाहन का चालक वाहन में लोड़ कबाड़ के संबंध में कोई कागजात नहीं होना बताया, जिस पर वाहन में लोड़ माल चोरी का होने के संदेह पर वाहन का वजन कराया गया जो करीब 22 टन कबाड़, कीमती 6,50,000 रूपये का पाया गया। वाहन चालक लल्ला सिंह पिता गुलाब सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी प्रयागगंज थाना अंतर्गत जिला सतना (मध्य प्रदेश) के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा इस्तगासा धारा 41(1+4) सीआरपीसी/ 379 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है तथा जप्तसुदा माल को मय वाहन उर्दना पुलिस लाइन परिसर में सुरक्षा पूर्वक रखा गया है।

# सीएचसी लोईंग में आयोजित रक्तदान शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में बीते 6 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन लोईंग के सरपंच सूरत पटेल के द्वारा किया गया। इस मौके पर एसडीएम रायगढ़ वाई.के.उर्वशा एवं सीईओ जनपद पंचायत रायगढ़ सागर सिंह राज भी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कुल 70 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में एमएसपी जामगांव, इण्ड सिनर्जी सियारपाली, बटमूल महाविद्यालय महापल्ली का विशेष सहयोग रहा।



रक्तदान शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया, वरिष्ठ श्रेणी चिकित्सा अधिकारी डॉ.पी.एस.पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रदीप राठौर, डॉ.अविनाश गुप्ता, प्रभारी खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी उमेदराम सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौहापाली के चोरी के तीन और आरोपी गिरफ्तार

**» आरोपियों से दो मोबाइल, एक कम्प्यूटर व तीन मोटर सायकलें बरामद**

**रायगढ़।** मौहापाली हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में दिनांक 03-04/08/2021 के दरम्यानी रात सूने मकान में नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले 06 आरोपियों में से एक आरोपी कृष्ण कुमार सोनवानी को घटना की सूचना के चंद घंटो बाद गिरफ्तार किया गया जिसके दूसरे ही दिन आरोपी नीलेश डेंजारे को भी गिरफ्तार कर चौकी खरसिया पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। फरार चार आरोपियों में से तीन



आरोपियों को बीते रात जामझोर खेत के पास बने बोर हाउस से हिरासत में लेकर चौकी लाया गया है, जिनसे चोरी की मशरूका, बाइक आदि की जप्ती कर आरोपियों को आज रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीरक्षक रायगढ़ तथा एसडीओपी खरसिया के निर्देशन पर चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंदकिशोर गौतम लगातार फरार आरोपियों की पतासाजी के लिये उनके लुकने-छिपने के हर ठिकानों पर छापेमारी कर दबाव बनाया जा रहा था जिससे आरोपीगण प्रदेश छोड़कर महाराष्ट्र फरार होने की फिराक में थे और पिछले दो दिनों से जंगल व सुनसान इलाकों में भटक रहे थे, जिनके दिनांक 06/08/2021 को जामझोर खेत के पास सुनसान में बने बोर हाऊस में छिपे होने की सूचना चौकी प्रभारी खरसिया को मिली। आरोपियों की घेराबंदी के लिये देर रात का समय सुनिश्चित कर चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ सादी वर्दी में बोर हाऊस में दबिश दिया गया। जहां देवानंद उर्फ लाला राजपुत, अर्जुन राजपुत और योगेश जाधव नशा करते हुये मिले। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। आरोपीगण दिनांक 03-04/08/2021 के दरम्यानी रात हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मौहापाली के एक मकान में अपने साथी, नीलेश डेंजारे, बसंत और कृष्ण कुमार सोनवानी के साथ गैस सिलेंडर, कंप्यूटर, सेटअप बॉक्स, वाईफाई, मोबाइल की चोरी करना स्वीकार किये।

# खरसिया पुलिस के हाथ आया एक और नकबजनी का आरोपी

**» ग्राम देहजरी की चोरी में शामिल था आरोपी**

**» आरोपी से सोने की माला, चांदी की पायल समेत नगदी बरामद**

**रायगढ़।** थाना खरसिया अन्तर्गत ग्राम देहजरी में दिनांक 05/08/2021 को चाय नाश्ता का होटल लगाने वाले दिलीप साहू के घर में हुई नकबजनी की घटना के एक आरोपी को खरसिया पुलिस चोरी हुई सोने की माला, चांदी के पायल एवं नकदी रकम के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का एक साथी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिये खरसिया टीआई एस.आर. साहू के नेतृत्व में पुलिस पार्टी की छापेमारी जारी है।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर एसडीओपी



खरसिया एडिशनल एसपी पीतांबर पटेल द्वारा खरसिया क्षेत्र में हुई चोरी, नकबजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये संदिग्धों की धरपकड़ तेज किया गया जिससे पिछले एक माह के अंतराल में खरसिया पुलिस चोरी/नकबजनी के 11 मामलों का खुलासा कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कृत्य पर सलाखों के पीछे भेजा गया है, इन आरोपियों से चोरी के लाखों की मशरूका की बरामदगी की गई है। इसी क्रम में ग्राम देहजरी में हुई नकबजनी की घटना के आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में तत्परता पूर्वक कार्रवाही करते हुये रिपोर्ट दर्ज के कुछ घंटे बाद ग्राम देहजरी में दबिश देकर पकड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम देहजरी में रहने वाली श्रीमती सुहोद्रा साहू (36 साल) दिनांक 05/08/2021 के देर शाम थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि चाय नाश्ता का होटल चलाते हैं। प्रतिदिन की तरह दिनांक 05.08.21 के शाम को घर मे ताला लगाकर चाय नास्ता के होटल चले गये थे, इसका लड़का मनोज साहू रात्रि करीब 07ः00 बजे होटल से घर जाने के लिये पहले ?निकला जो घर पहुंचने पर देखा कि घर का खिड़की टुटा हुआ था, बाहर में गांव का रथलाल खड़ा था, मनोज जब घर अंदर जाकर देखा गांव का भवानी राठिया घर अंदर घुसा था, जो मनोज को देखकर भाग गये। घर को चेक करने पर दोनों चोर अलमारी को तोड़कर उसमें रखे नकदी रूपये तथा मिट्टी के गुलक में रखे चिल्हर रूपये, चांदी का दो जोड़ा पायल एवं सोना का माला को चोरी कर ले गये थे। चोरी की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अप.क्र. 475/2021 धारा 457,380,34 आईपीसी दर्ज कर पुलिस पार्टी तत्काल ग्राम देहजरी रवाना हुई। पकड़े जाने के भय से आरोपीगण अलग-अलग दिशाओं में फरार हो गये थे, जिसमें एक आरोपी रथलाल राठिया पिता शिवदयाल राठिया उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम देहजरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसने चोरी का अपराध कबूल कर चोरी के माल को बटवारा करना बताया। आरोपी रथलाल राठिया के मेमोरेंडम पर नगदी रकम 35,000 रूपये, दस पीपल का पत्ता सोने का माला वजन लगभग 7 मासा कीमती लगभग 20,000/- रूपये एवं एक जोड़ चांदी का पायल कीमती 7000 रूपये जुमला 62,000 रूपए की बरामदगी की गई है।

# युवक की हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के गीदम के पास नदी में अज्ञात युवक की शव तैरते हुए मिला था। प्रथम दृष्टयता मामला हत्या का प्रतीत होने पर शव का मर्ग पंचनामा कराया गया तथा डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु सिर में आई गंभीर चोट के कारण होना बताये जाने के बाद गीदम थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र.-79/2021 धारा 302, 201 भादवि. पंजीबद्ध कर अज्ञात मृतक के संबंध में विवेचना के दौरान मृतक के पास मिले बैग से एक आधार कार्ड सुखश्रीमती नाग के नाम से मिला, जो बारसूर का होना पाया गया। पता तलाश करने एवं आसपास के लोगो से पूछताछ पर पता चला कि मृतक का नाम सतीश नाग पिता सुखचंद नाग उम्र 23 वर्ष निवासी नेलसनार जिला बीजापुर का है, यह भी जानकारी मिली कि मृतक का बारसूर निवासी महिला सुखमति नाग के यहां आना जाना लगा रहता था व दोनों में आपसी प्रेम संबंध भी है, महिला को थाना लाकर पूछताछ के बाद खुलासा हुआ कि नाबालिग पुत्र ने आपत्तिजनक स्थिति में देखकर गुस्से में मृतक के सिर पर सरिया से हमला दिया जिसके बाद शव को गीदम के पास नदी में फेंक दिया। हत्या के आरोपी महिला सुखमति नाग सहयोगी पड़ोसी बृजपाल सिंह ठाकुर एवं नाबालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ में महिला ने बताया कि 24 जुलाई की शाम को मुझे और सतीश नाग को मेरे घर पर मेरे नाबालिग पुत्र ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से में मेरे बेटे ने मृतक के सिर पर सरिया से हमला दिया।

# बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ लगातार शिक्षा उपलब्ध कराने में सभी का सहयोग जरूरी-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल

**» कोविड-19 के कारण शिक्षा पर पड़े विपरीत प्रभाव के उपायों के संबंध में हुई कार्यशाला**

**रायगढ़ ।** कोविड-19 के कारण शिक्षा पर पड़े विपरीत प्रभाव के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में बीते 6 अगस्त को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कोरोना काल के दौरान छात्रों को हुए नुकसान की जानकारी एवं भरपाई करने के उपाय के सुझाव हेतु चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला पंचायत रायगढ़ अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. रवि मित्तल, जिला शिक्षा स्थाई समिति



सदस्य संयोजक दिलीप पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक रमेश देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा के.के. स्वर्णकार, प्राचार्य डाइट धरमजयगढ़ पूरी मैडम, लेखक एवं चिंतक शिक्षाविद राजू पांडेय, सेवानिवृत्त व्याख्याता शिक्षाविद पी.एस.खोडियार, सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय एवं अशासकीय शाला के प्राचार्य, समस्त एसीपी समग्र शिक्षा उपस्थित थे।

कार्यशाला दो चरणों में आयोजित की गई थी। प्रथम चरण में कोरोना काल के दौरान छात्र एवं शिक्षकों को हो रही परेशानी के संबंध में विस्तार से सभी ने अपनी अपनी बातें रखी और सुझाव दिये। प्रथम चरण में प्राप्त विभिन्न बिंदुओं के संबंध में द्वितीय चरण में चार समूह बनाकर हर प्रश्न का समाधान खोजने हेतु विशेषज्ञों को बांटा गया और चर्चा की गई। समूह के द्वारा आपस में चर्चा उपरांत प्राप्त सुझावों को परिचर्चा के अंतिम चरण में रखा गया और उसका निराकरण किस तरह से किया जाना है, के संबंध में बताया गया। चर्चा उपरांत कुछ मुख्य बिंदु सामने आये। जिनमें गरीब परिवार के बच्चों में आउट ऑफ स्कूल होने की संभावना, बच्चों में सामाजिकता की कमी, बच्चों के द्वारा पिछले सालों में पढ़े हुए पाठों को भूलना, बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता कम होना, बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास की कमी, बच्चों में सामाजिक सहभागिता की कमी, अशासकीय स्कूलों का बंद होना, ऑनलाइन कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति कम होना, ऑफलाइन कक्षाओं में बच्चों का डर, पालकों का बच्चों को स्कूल में भेजने का डर जैसे बिंदुओं पर सारगर्भित चर्चा आयोजित की गई।

जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में ऑफलाइन शिक्षा एक बेहतर विकल्प है। बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ लगातार शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हमें जनप्रतिनिधि एवं सभी का सहयोग लेकर शिक्षा का अलख जगाते रहना है।

महापौर रायगढ़ श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि कोरोना काल के बीच जिले में शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने हेतु जो प्रयास किए गए, साथ ही शिक्षण के विभिन्न मॉडल्स के जरिए बच्चों तक शिक्षा पहुंचाई गई वह प्रशंसनीय है। वर्तमान समय में बच्चों की सुरक्षा के साथ ऑफलाइन क्लास एक बेहतर विकल्प है।

सीईओ जिला पंचायत रायगढ़, डॉ.रवि मित्तल ने कहा कि कोरोना काल के बीच भी जिले में शिक्षा अधिकारियों व शिक्षकों के आपसी तालमेल और बेहतर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन प्रशंसनीय है। बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का कार्य बेहतरीन ढंग से होता आ रहा है। बच्चों को स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते शिक्षा उपलब्ध कराया जाना आगे भी जरूरी है। ऑनलाइन शिक्षा भविष्य की शिक्षा है। लेकिन वर्तमान समय में ऑफ लाइन शिक्षा एक बेहतर विकल्प है। शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच संवाद के बिना शिक्षा संभव नहीं है। शिक्षा अधूरी रह जाती है। हमें इस दिशा में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480